(ग) क्या उक्त संघ का एक प्रतिनिधि-मंडल मध्य रेलवे के महाप्रबन्धक को 19 जनवरी, 1970 को बनेरा में मिला था ?

रेलवे मंत्री (श्री नन्दा) : (क) जी हां।

(ख) एक विवरण जिसमें स्थिति बतायी गयी है सभा पटल पर रखा गया है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या LT-2583/70**]

(ग) जी हां।

महिलाओं के लिये तृतीय श्रेणी के पृथक प्रतीक्षा गृह

357. **श्री जनेश्वर मिश्र** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने रेलवे स्टेशनों पर महिलाओं के लिये तृतीय श्रेणी के पृथक प्रतीक्षा गृहों की व्यवस्था नहीं है; और

(ख) क्या ऐसे सभी स्टेशनों पर महिलाओं के लिये तृतीय श्रेणी के पृथक प्रतीक्षा गृहों की व्यवस्था करने का सरकार का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री नन्दा) : (क) रेलवे स्टेशनों पर महिलाओं के लिए तीसरे दर्जे के अलग प्रतीक्षालयों की व्यवस्था नहीं की जाती। लेकिन जिन स्टेशनों पर ऊंचे दर्जे के प्रतीक्षालयों की व्यवस्था है वहां तीसरे दर्जे में सफर करने वाली महिला यात्रियों को उनका उपयोग करने की अनुमति है।

(ख) सवाल नहीं उठता।

निर्वाचन विधि में परिवर्तनों के लिये मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की सिफारिशें

358. **श्री जनेश्वर मिश्र** :

श्री जी० वाई० कृष्णन् :

श्री एन० शिवप्पा :

क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में की गई इस आशय की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुये कि निर्वाचन में किसी अभ्यर्थी द्वारा सरकारी कर्मचारियों की सहायता लेना भ्रष्ट आचरण माना जाये और यह सुनिश्चित करने के लिये पाबन्दियां लगाई जायें कि अभ्यर्थी दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचन नहीं लड़ते, विधि में संशोधन करने का सरकार का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो उन सिफारिशों का ब्यौरा क्या है, जिनके आधार पर विधि में संशोधन करने का सरकार का विचार है ?

विधि तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) और (ख). निर्वाचन विधि के सुधार के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग की सभी सिफारिशें सरकार के परीक्षाधीन हैं। प्रश्न के प्रथम भाग में निर्दिष्ट सिफारिशें इतनी युक्तियुक्त हैं कि इनके स्वीकृत किए जाने की संभावना है।

गरहरा (पूर्वोत्तर और पूर्व रेलवे) में उच्चतर माध्यमिक स्कूल की मांग

359. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गरहरा (पूर्वोत्तर और पूर्व रेलवे) में रहने वाले रेलवे कर्मचारियों की संख्या 6 हजार से अधिक है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है